भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2563

(दिनांक 19.12.2023 को उत्तर देने के लिए)

राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार

2563. डॉ. जयंत कुमार रायः
श्री विनोद कुमार सोनकरः
श्रीमती संगीता कुमारी सिंह देवः
श्री राजा अमरेश्वर नाईकः
श्री भोला सिंहः

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राष्ट्रीय और वैश्विक बाजार में रोजगार की दृष्टि से एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक (एवीजीसी) क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं;

(ख) यदि हां, तो देश में एवीजीसी बाजार की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इस क्षेत्र की घरेलू क्षमता के निर्माण के तरीकों की सिफारिश करने के लिए एक कार्यबल गठित करने का प्रस्ताव किया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ङ): बजट भाषण 2022 में एक एवीजीसी प्रमोशन टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की गई थी। इसके बाद, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 8.04.2022 को सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अध्यक्षता में एक टास्क फोर्स का गठन किया जिसमें केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, एवीजीसी उद्योग तथा उसके संघों और शिक्षा जगत के प्रतिनिधि शामिल थे। एवीजीसी प्रमोशन टास्क फोर्स ने उद्योग प्रतिनिधियों और क्रॉस-कटिंग सरकारी क्षेत्रों के साथ व्यापक परामर्श करने के बाद, दिसंबर, 2022 में सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी जिसमें भारत में एवीजीसी सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए एक मसौदा राष्ट्रीय नीति और मॉडल राज्य नीति शामिल थी। तत्पश्चात, टास्क फोर्स की सिफारिशों के परामर्श और कार्यान्वयन के लिए 18.04.2023 को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई थी।

टास्क फोर्स की रिपोर्ट के अनुसार, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और एक्सटेंडिड रियलिटी (एवीजीसी-एक्सआर) सेक्टर भारतीय अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण विकास कारक के रूप में विकसित हुआ है और मीडिया और मनोरंजन तथा अन्य क्षेत्रों में एवीसीजी-एक्सआर का उपयोग अभूतपूर्व दर से बढ़ने की संभावना है। यह परिकल्पना की गई है कि एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर वर्ष 2030 तक 20 लाख से अधिक युवाओं के लिए रोजगार का सृजन करेगा।

*****